# एल्सिना के बादल



जीनेट, हिंदी : विदूषक

सैकड़ों सालों से दक्षिण-अफ्रीका की बोसोथो महिलायों ने बारिश को बुलाने के लिए अपने घर की दीवारों पर चित्र बनाए हैं.

इस सुन्दर पुस्तक में जेअनेट अपने खूबसूरत चित्रों से एक छोटी लड़की की कहानी सुनाती हैं. लड़की पहली बार घर की दीवारों को पेन्ट कर रही है. वो चाहती है कि उसके पूर्वज उसकी आवाज़ सुनें.










एल्सिना
के बादल


सैकड़ों सालों से दक्षिण-अफ्रीका की

बोसोथो महिलायों ने बारिश को बुलाने के लिए

अपने घर की दीवारों पर चित्र बनाए हैं.





नीला
नीला आकाश और गर्म सूरज.
बिना बादलों के एक और दिन.
मैं अब बादलों को भूल गई हूँ.


माँ के खेत सूख गए हैं. पापा की बकरियां भूखी हैं. सूरज को ढंकने के लिए बारिश के बादल कहाँ हैं? बारिश कैसी होती है? मुझे कुछ याद नहीं.



हर रात मुझे बारिश
से लदे काले बादलों
के सपने आते हैं.


माँ ने हमारे घर को बहुत साल पहले पेन्ट किया था. हम बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं. पर पुरखे, हमारी बात सुनते ही नहीं हैं. एक बूँद भी नहीं गिरी है.




मैं माँ की तरह ही घर को पेन्ट करूंगी. मेरे सिर में डिजाईन घूम रहे हैं.
मैं दीवार को कब पेन्ट कर सकती हूँ माँ?
जब बारिश मेरे बनाए डिजाईन को धो डाले. एल्सिना, फिर तुम दीवार पेन्ट कर सकती हो.



सर्दियों के नीले आकाश के नीचे, पापा एक और कमरा बनाते हैं.
वो कमरा उस छोटे बच्चे के लिए है जो अभी माँ के पेट में है.
एल्सिना, तुम दीवारों को पेन्ट करो. हो सकता है कि पूर्वज तुम्हारी बात सुनें.


मैं पेन्ट करती हूँ, जब सूरज
पहाड़ों के पीछे उगता है.
मैं पेन्ट करती हूँ जब सूरज नीले
आसमान की छत पर होता है.
मैं पेन्ट करती हूँ, जब तक
अँधेरा नहीं हो जाता है.










सोते वक्त मुझे चित्र दिखते हैं.
दूर के पहाड़ दिखते हैं.
खेत में मीठी ज्वार दिखती है.
और मकड़ी के सुन्दर जाले
दिखते हैं.


मुझे अब अपने
बादल भी दिखते हैं.
वो सफ़ेद-काले बादल
बारिश से लदे हैं!


दीवारें तैयार हैं.



हर रोज़ मैं ऊपर देखती हूँ.
शायद पूर्वज मेरी प्रार्थना सुनें.




पर मुझे सिर्फ नीला आकाश ही दिखता है.



फिर एक दिन मुझे
एक छोटा सफ़ेद बादल
दिखता है.
फिर बड़े-बड़े काले
बादल दिखते हैं.



काले बादल जब सूरज और नीले आसमान को ढंकते हैं तो वे ज़ोर से गरजते हैं.


टप्प! एक बूँद मेरे सिर पर पड़ती है. टप्प! एक बूँद मेरी नाक पर पड़ती है. फिर जोर की बारिश मेरी दीवारों को धोती है.




बारिश, माँ के खेत को गीला करती है.
पूर्वजों ने तुम्हे सुना है, एल्सिना.



हर दिन काले बादल
बारिश लाते हैं.
दीवारें फीकी पड़ जाती हैं.



फिर एक दिन बादल
फटकर, इधर-उधर
बह जाते हैं.
सुबह मुझे फिर
नीला आकाश
दिखता है.



बारिश हमारे डिज़ाईन ले गई है. क्या अब मैं पूरा घर रंग पेन्ट कर सकती हूँ?
हाँ! पूर्वजों ने तुम्हारी आवाज़ सुनी. अब तुम सब दीवारें पेन्ट कर सकती हो.

माँ के खेत की ज्वार पक जाती है.
पापा की बकरियां मोटी होती हैं.
मेरा छोटा भाई दुनिया में आता है.
और मैं पेन्ट करती हूँ.




जाड़ों में आसमान नीला रहता है.


हम इंतजार करते हैं.


फिर वसंत में बादल वापिस आते हैं.
वे सूरज और आकाश को ढंकते हैं.
बारिश, फिर माँ के खेत को गीला करती
है, और मेरे डिजाईन धो डालती है.



बारिश के बादलों के जाने के बाद मैं फिर से दीवारें पेन्ट करती हूँ.

माँ के खेत की ज्वार पक जाती है. पापा की बकरियां मोटी होती हैं. मेरा छोटा भाई बड़ा होता है. फिर हर साल बारिश के बादल आते हैं. और हर साल मैं दीवारें पेन्ट करती हूँ. घर में खाने को भरपूर होता है.







पूर्वज मेरी बात सुनते हैं.




WITHDRAWN
Boston Public Library.
Sale of this material benefits the Library



जियानेट विंटर एक पुरुस्कृत चित्रकार और लेखिका हैं. उन्होंने बच्चों की सैकड़ों प्यारी किताबें लिखी हैं.

